# अमर उजाला

बरेली
बृहस्पतिवार, 13 अगस्त 2026
श्रावण शुक्ल-प्रतिपदा
विक्रम संवत-2083


**Page No. 08 : Middle**

■ **मुख्य प्रायोजक :** सिटी सेंटर एलए मॉल,कैंसर स्क्रीनिंग शिविर प्रायोजक, श्री राममूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस - कैंसर से आजादी।

## निशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग शुरू, 50 संदिग्ध मिले



SRMS

कैंसर से आज़ादी

अमर उजाला मां तुझे प्रणाम मुहिम के तहत बुधवार से 'देश की आजादी से, कैंसर से आजादी तक' नाम से तीन दिवसीय निशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग शिविर शुरू हुआ। पहले दिन सौ से ज्यादा लोगों की जांच हुई। स्तन, गर्भाशय ग्रीवा, पेट व आंत, प्रोस्टेट, फेफड़े, मुंह के कैंसर की स्क्रीनिंग और जांच के बाद 50 मरीज संदिग्ध मिले। ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. अरविंद चौहान ने ओरल कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक किया। मरीजों को कैंसर की वजह, लक्षण और बचाव के उपाय बताए। शिविर 14 अगस्त तक प्रतिदिन सुबह नौ बजे से शुरू होगा। कैंसर विशेषज्ञ डॉ. पियूष कुमार, डॉ. मनोज कुमार टांगड़ी, डॉ. शुभांशु गुप्ता, डॉ. अदादि श्रीनिवास नायडू, डॉ. हिमांशी खट्टर और डॉ. दिशा सत्या ने मरीजों को परामर्श दिया।